No. of Printed Pages/Questions: 7/16

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Examination - (2022 – 2023)**

**Class: VI** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 3.15Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

***General Instructions:***

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं– 'अ' और 'ब'।

(2) दोनों खण्ड अनिवार्य हैं।

(3) निर्धारित समय–सीमा 3.00 +15 घंटे हैं।

## (खण्ड 'अ')

**प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश का पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X5=5)**

गाँधी जी ने अपने हर कार्य को गरिमामय मानते हुए किया। वे अपने सहयोगियों को श्रम की गरिमा की सीख दिया करते थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय लोगों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफाई करने जैसे कार्य को भी कभी नीचा नहीं समझा और इसी कारण स्वयं उनकी पत्नी कस्तूरबा से भी उनके मतभेद हो गए थे।

बाबा आम्टे ने समाज द्वारा तिरस्कृत कुष्ठ रोगियों की सेवा में अपना समस्त जीवन समर्पित कर दिया। सुंदरलाल बहुगुणा ने अपने प्रसिद्ध 'चिपको आंदोलन' के माध्यम से पेड़ों को संरक्षण प्रदान किया। फादर डेमियन ऑफ मोलोकाई, मार्टिन लूथर किंग और मदर टेरेसा जैसी महान आत्माओं ने इसी सत्य को ग्रहण किया। इनमें से किसी ने भी कोई सत्ता प्राप्त नहीं की, बल्कि अपने जनकल्याणकारी कार्यों से लोगों के दिलों पर शासन किया। गाँधी जी का स्वतंत्रता के लिए संघर्ष उनके जीवन का एक पहलू है, किंतु उनका मानसिक क्षितिज वास्तव में एक राष्ट्र की सीमाओं में बँधा हुआ नहीं था। उन्होंने सभी लोगों में ईश्वर के दर्शन किए। यही कारण था कि कभी किसी पंचायत तक के सदस्य नहीं बनने वाले गाँधी जी की जब मृत्यु हुई तो राष्ट्रध्वज भी झुका दिया गया था।

**क उपयुक्त शीर्षक दीजिए–**

अ गाँधी जी  ब महापुरुषों का जीवन

स सेवाभावी व्यक्तित्व  द श्रम की महिमा

**ख सभी महान आत्माओं ने किस सत्य को ग्रहण किया ?**

अ श्रम करो  ब सेवा करके मेवा खाओ

स जनसेवा के लिए जियो  द लोगों पर शासन करो

**ग 'गाँधी जी का मानसिक क्षितिज एक राष्ट्र की सीमाओं में बँधा हुआ नहीं था।' आशय स्पष्ट कीजिए–**

अ गाँधी जी का हृदय राष्ट्रीय सीमाओं तक फैला हुआ था।

ब गाँधी जी एक राष्ट्र तक बँधे हुए नहीं थे।

स गाँधी जी का हृदय राष्ट्र के साथ–साथ अन्य लोगों के बारे में भी सोचता था।

द गाँधी जी का मन किसी प्रकार के बंधनों को नहीं मानता था।

**घ गाँधी जी की मृत्यु पर अमेरिका का राष्ट्रध्वज झुका दिया गया, क्योंकि अमेरिका वासी गाँधी जी को–**

अ अपना प्रिय नेता मानते थे।

ब जन कल्याणकारी विश्व–नेता मानते थे।

स राष्ट्रीय सीमाओं से ऊपर उठा हुआ महान कल्याणकारी नेता मानते थे।

द भारत का स्वतंत्रता–सेनानी मानते थे।

**ङ 'स्वतंत्रता' का विलोम लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | परतंत्रता | ब | गणतंत्र |
| स | स्वाधीनता | द | जनतंत्र |

**प्र0 2 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X5=5)**

एक कोशिश और कर,
बैठ ना तू हार कर।
हौसला बनाए रख,
तोड़ दे सारे भरम।
व्रत ले संकल्प कर,
साथ देंगे धरा–गगन।
हे पथिक ! तू जाग अब,
हाँ स्वयं को जान ले,
त्याग दे छाई निराशा,
विजय–ध्वज को थाम ले।

**क) उपरोक्त काव्यांश में कवि एक बार पुनः क्या करने को कह रहे हैं ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | सैर | ब | भ्रमण |
| स | कोशिश | द | विचरण |

**ख) सभी भरम तोड़ कर क्या बनाए रखना है ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | निराशा | ब | बल |
| स | हौसला | द | सत्‌गुण |

**ग) अगर मन में संकल्प कर लें तो कौन साथ देगा ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | पक्षी–पशु | ब | मानव–दानव |
| स | जलचर–उभयचर | द | धरा–गगन |

घ) हे ––– ! तू जाग अब। कविता से रिक्त स्थान भरिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | पथिक | ब | बटोही |
| स | राही | द | राहगीर |

ङ) 'हाँ <u>स्वयं</u> को जान ले।'– यहाँ रेखांकित अंश है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | संज्ञा | ब | सर्वनाम |
| स | विशेषण | द | क्रिया |

प्र0 3 नीचे दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए– (1X4=4)

क) 'मुझे <u>गर्म</u> चाय पसंद है।' रेखांकित पद में विशेषण का कौन–सा भेद है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | गुणवाचक | ब | परिणामवाचक |
| स | संख्यावाचक | द | सार्वनामिक |

ख) 'गुड़िया ने गहरे नीले रंग की फ्रॉक पहनी है। इस वाक्य में प्रविशेषण है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | गहरे | ब | नीले |
| स | रंग | द | गुड़िया |

ग) 'दादी माँ ने खीर बनाने के लिए <u>दो लीटर</u> दूध मँगवाया। रेखांकित पद में विशेषण का कौन–सा भेद है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | गुणवाचक | ब | परिणामवाचक |
| स | संख्यावाचक | द | सार्वनामिक |

घ) 'मोहन हिंदी पढ़ रहा है।' इस वाक्य में काल भेद पहचान कर लिखिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | भूतकाल | ब | वर्तमान काल |
| स | भविष्यतकाल | द | संदिग्ध भूतकाल |

प्र0 4 नीचे दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए– (1X4=4)

क) 'मैं वार्षिकोत्सव में नाटक में भाग लूँगा।' इस वाक्य में काल भेद पहचान कर लिखिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | भूतकाल | ब | वर्तमान काल |
| स | भविष्यतकाल | द | संदिग्ध भूतकाल |

ख) क्रिया के जिस रूप से बीते हुए समय में कार्य के होने का बोध हो, उसे ––– कहते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | भूतकाल | ब | वर्तमान काल |
| स | भविष्यतकाल | द | संदिग्ध भूतकाल |

ग) इनमें से कौन–सा समास का भेद नहीं है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | अव्ययीभाव | ब | द्विज |
| स | द्विगु | द | द्वंद्व |

घ) बहुव्रीहि समास का उदाहरण है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | प्रतिदिन | ब | नीलकंठ |
| स | चौराहा | द | देशभक्ति |

**प्र0 5 नीचे दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X4=4)**

**क) किस समास का पहला पद संख्यावाची होता है ?**

अ अव्ययीभाव ब कर्मधारय

स द्विगु द द्वंद्व

**ख) 'मैं बस से स्कूल आई।' रेखांकित पद में कारक है–**

अ संप्रदान ब संबंध

स करण द अपादान

**ग) अपादान कारक का परसर्ग/विभक्ति चिह्न है–**

अ हे, अरे ब को

स में, पर द से (अलग होना)

**घ) 'हे प्रभु! हमें सद्बुद्धि दो।' रेखांकित पद में कारक है–**

अ संप्रदान ब संबंध

स करण द संबोधन

**प्र0 6 नीचे दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X4=4)**

**क) मदारी बंदर को नचा रहा है।' वाक्य में रेखांकित पद है–**

अ उद्देश्य ब विधेय

स वाक्य द वाच्य

**ख) 'सीता सुंदर है।' वाक्य में रेखांकित पद है–**

अ विधेय ब विधेय का विस्तार

स उद्देश्य द उद्देश्य का विस्तार

**ग) निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य पृथक कीजिए–**

अ कई दिनों से पिताजी मोहन के बीमार हैं।

ब मोहन के बीमार हैं पिताजी कई दिनों से।

स मोहन के पिताजी कई दिनों से बीमार हैं।

द बीमार हैं पिताजी मोहन के कई दिनों से।

**घ) 'किए गए उपकार को मानने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए।**

अ कृतधन ब कृतज्ञ

स कृतघ्न द कर्मेण

**प्र0 7 नीचे दिए गए गद्यांश को पढकर सही विकल्प चुनिए–** **(1X5=5)**

गांधी जी दूसरों से काम लेने में बहुत सख्त थे, लेकिन अपने लिए दूसरों से काम कराना उन्हें नापसंद था। एक बार एक राजनीतिक सम्मेलन से गांधी जी जब अपने डेरे पर लौटे तो रात हो गई थी। सोने से पहले वे अपने कमरे का फर्श बुहार रहे थे। उस समय रात के दस बजे थे। एक कार्यकर्ता ने दौड़कर गांधी जी के हाथ से बुहारी ले ली।

**क** **इस गद्यांश के लेखक का नाम क्या है ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | अनुबंधोपध्याय | ब | प्रेमचंद |
| स | जवाहरलाल नेहरू | द | हेलन केलर |

**ख** **गांधी जी दूसरों से काम लेने में सख्त क्यों थे ?**

अ ताकि सभी परिश्रम का महत्त्व समझे

ब ताकि लोगों में काम करने की आदत पैदा हो

स ताकि कोई कामचोर न बने

द उपर्युक्त सभी

**ग** **गांधी जी राजनीतिक सम्मेलन से अपने डेरे पर कब लौटे ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | सबेरे | ब | दोपहर में |
| स | रात को | द | शाम को |

**घ** **रात दस बजे गांधी जी कौन–सा कार्य कर रहे थे ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | खाना पका रहे थे | ब | फर्श पर झाड़ू लगा रहे थे |
| स | खाना खा रहे थे | द | सोने की तैयारी कर रहे थे |

**ङ** **'रात' का पर्यायवाची नहीं है–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | निशा | ब | रात्रि |
| स | रजनी | द | चाँदनी |

**प्र0 8 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X2=2)**

**क)** **लोकगीत शास्त्रीय संगीत से किस मायने में भिन्न है ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | लय सुर और ताल में | ब | मधुरता में |
| स | सोच, ताज़गी और लोकप्रियता में | द | इनमें से कोई नहीं |

**ख)** **विभिन्न प्राकृतिक चीज़ों को छूने से लेखिका को कैसा महसूस होता है ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | प्रसन्नता | ब | दुख |
| स | निराशा | द | हताशा |

**प्र0 9 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X5=5)**

हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरतीं दिन–रात !
अपने कर से खिला, धुला मुख,
धूल पोंछ सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनातीं
हमें सुखद परियों की बात !
ऐसी बड़ी न होऊँ मैं
तेरा स्नेह न खोऊँ मैं,

तेरे अंचल की छाया में
छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय,
कहूँ– दिखा दे चंद्रोदय !

क **इस काव्यांश के कवि कौन हैं ?**

अ सुभद्राकुमारी चौहान ब सुमित्रानंदन पंत

स तुलसीदास द साहिर लुधियानवी

ख **कविता के अनुसार हाथ पकड़कर कौन नहीं फिरता ?**

अ बहन ब नानी

स दादी द माँ

ग **बालिका बड़ी क्यों नहीं होना चाहती ?**

अ क्योंकि उसे अच्छा खाना चाहिए

ब क्योंकि वह माँ का स्नेह नहीं खोना चाहती

स क्योंकि वह विवाह नहीं करना चाहती

द क्योंकि उसे बच्चे पसंद है

घ **बालिका क्या दिखाने को कहती है ?**

अ चाँद का उदय ब चाँद का अस्त

स पूरा चाँद द आधा चाँद

ङ **'निस्पृह' का अर्थ क्या है ?**

अ बिना किसी डर के ब बिना किसी इच्छा के

स बिना किसी रुपए–पैसे के द बिना किसी घर के

**प्र0 10 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X2=2)**

**क)** **राजवंशों की भृकुटी तानने से कवयित्री का तात्पर्य क्या है ?**

अ तिरछी नज़रों से देखना ब क्रोध भरी नज़रों से देखना

स एक आँख से देखना द युद्ध के लिए तैयार होना

**ख)** **चाँद ने क्या पहना है ?**

अ सफ़ेद वस्त्र

ब नीले रंग का पूरा आकाश

स सारा आकाश वस्त्र की भाँति जो तारों से जड़ित है

द सफ़ेद रंग का वस्त्र तारों से जड़ित

## (खण्ड 'ब')

**प्र0 11 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X5=10)**

**क)** नागराजन के पास अलबम कहाँ से आया था ?

ख) लेखिका हेलेन केलर का दिल कभी–कभी क्यों मचल उठता था ?

ग) 'संसार पुस्तक है' पाठ के लेखक ने प्रकृति के अक्षर किसे कहा है ?

घ) पंजाब में प्रचलित लोकगीतों के नाम लिखिए।

ङ) जकाई क्या है ? इसका क्या उपयोग है ?

**प्र0 12 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X4=8)**

क) चिड़िया को स्वयं पर गर्व क्यों है ?

ख) चाँद कब तक घटता और बढ़ता है ?

ग) थकी हुई सीता की राम ने किस प्रकार सहायता की ?

घ) फिरंगियों का स्वभाव कैसा था ?

**प्र0 13 बाल रामकथा के निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए** **(3X2=6)**

क) राम कुटिया वापस आते हुए क्या सोच रहे थे ?

ख) सीता जी किस–किस को अपनी सूचना राम जी को पहुँचाने को कह रही थी ?

**प्र014 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए–** **(6X1=6)**

क) मीठी वाणी का महत्त्व

ख) गणतंत्र दिवस

ग) विद्‌यार्थी जीवन में खेलों का महत्त्व

**प्र015 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए–** **(5X1=5)**

अपने प्रधानाचार्य को क्रिकेट कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए।

**अथवा**

पिताजी का स्थानांतरण बिलासपुर हो जाने के कारण प्रधानाचार्य को स्थानांतरण प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए।

**प्र0 16 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए–** **(5X1=5)**

क) विद्यालय में हुए वार्षिकोत्सव पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

ख) डाकघर के विषय में पिता एवं पुत्र के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

**–––00–––**